एसएसबी और जिला प्रशासन के सहयोग से जरूरतमंद ग्रामीणों को वितरित किए गए कंबल

जिलाधिकारी, एसएसबी कमांडेंट एवं पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र वासियों से जाना उनका कुशल क्षेम

जिला ब्यूरो हसरत हुसेन खाँन श्रावस्ती | 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के नेतृत्व में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, कमांडेंट अमरेन्द्र कुमार वरुण एवं पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा सीमा चौकी तरुसमा में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम तरुसमा, हाकिमपुरवा, सुईया और भरथा कार्यक्षेत्र के 10 गाँवों के 175 और सोनपथरी आश्रम में 25 जरूरतमंद ग्रामीणों को ठंड के मौसम में राहत प्रदान करने हेतु कंबल वितरित किए गए | कार्यक्रम के दौरान तरुसमा, हाकिमपुरवा, सुईया और भरथा कार्यक्षेत्र के 10 गांवों के 175 और सोनपथरी आश्रम में 25 जरूरतमंद ग्रामीणों को कंबल वितरित किए गए। जिससे ठंड व सर्दी के दृष्टिगत गरीब और असहाय परिवारों को राहत पहुंचाया जा सके। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कहा "यह पहल समाज के कमजोर वर्गों के प्रति हमारी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता को दर्शाती है। यह प्रयास उन परिवारों को मदद पहुंचाने का एक तरीका है जो सर्दी के मौसम में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।"कमांडेंट अमरेन्द्र कुमार वरुण ने अपने संबोधन में कहा, "62वीं वाहिनी एसएसबी न केवल सीमाओं की सुरक्षा में तत्पर है, बल्कि समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों की सहायता करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम समाज में सेवा और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करना चाहते हैं।"इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एसएसबी के जवानों और जिला प्रशासन का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कंबल वितरण कार्यक्रम ने न केवल गरीब ग्रामीणों को राहत प्रदान की, बल्कि समाज में मानवीय मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी को भी सशक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित ग्रामीणों ने इस प्रयास के लिए जिला प्रशासन और 62वीं वाहिनी एसएसबी का धन्यवाद किया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी भिनगा पियूष जायसवाल, पीयूष सिन्हा, उप कमान्डेंट, सोनू कुमार उप कमान्डेंट, समवाय तरुसमा प्रभारी के साथ अन्य जवान व् ग्रामीण उपस्थित रहे।